Sir, Janata Government's performance over the last one year has been to appoint commission over commission. May I say that you have now to appoint one more commission so as to find out the wasteful expenditure involved and the employment you provided to the unemployed judges. May I ask the Government as to whether they are satisfied with the performance of these commissions? The Shah Commission has become a laughing stock. I want it to be scrapped immediately so as to create a healthy atmosphere in this country. To appoint these commissions are politically motivated decisions and you must take into account the verdict of the people. The final decision is that of the people. By appointing commissions after commissions you are creating an unhealthy atmosphere and it amounts to only taking a vindictive attitude towards the previous government. It is a warning to the government. What benefit have you derived out of these commissions? Only poor man's money has been spent. A number of Commissions have been appointed but nothing has come out of these Commissions. What is the use of appointing those Commissions? The present Government should create an atmosphere in which the economic imbalance is wiped out on the Southern States and it should start developmental schemes so that an atmosphere of understanding, oneness and unity is created in this country. Sir, there is another reason why these Southern States have been neglected for such a long time. It is due to domination of a particular political party or a political leader (*Interruptions*). It may be the ruling party of whichever party it is. Any kind of domination by any political party or a political leader will create an atmosphere of hatred, jealousy and misunderstanding among the states. Therefore, equal opportunity should be given to all the States in order to control the political situation in a given time and given circumstances. They are responsible to their own States. Now the present Government is driving to that position where certain States are completely neglected and certain States are getting prosperous. And as a consequence of that, what is happening in the non-Hindi speaking States? The people are not in a position to get employment and there is not enough employment opportunity. They cannot carry on the correspondence in the languages of their own States. Of course, this point has been brought out by several hon. Members. I do not kown why such a situation has been created by the present Government for the last one year.

Sir, in and around of each public sector project small ancillary units

[Shri K. Lakkappa]

could be developed. Some concrete views have emerged from the Industrial Policy of the present Government. The views are of not only from this side but they are from the other side also. When Shri George Fernandes announced the industrial policy, immediately it was contradicted by Shri Subramaniam Swamy, the leader of the R.S.S.—I do not know which group he belongs to in the Janata Government (*Interruptions*). There was a question raised as to how could the present budget be an indication of *leissez faire* policy. It is only encouraging the private sector and the public sector units are completely smashed by the policy of the Government of India and its Industrial Policy. It is therefore necessary that the public sector units should be looked after well. My friend, Shri T. A. Pai, has put a question in this connection. An answer was given to his question. But how these small scale sectors and the small scale industries would absorb 20 million unemployed persons and there are still more in the offing They have not indicated about any infrastructure to be created for this purpose. Nothing has been mentioned about this and no communication has been sent to the various States and no decisions have been taken. But it is only a paper statement which has been made on the floor of the House. It has not been translated into action. This is the policy of the present Government which has been reflected here. The bankruptcy of the Government has been reflected in the President's Address

Public sector projects were built and strengthened by previous government when Mr. Pai was holding that portfolio. All those things had been shattered to pieces and there is unrest and chaos. The Home Minister is helpless and cannot control the law and order situation. The law and order situation is collapsing in the country. I do not know how the present government would create an atmosphere of unity in this country. The present government must take pragmatic, progressive and radical measures. Otherwise it will meet its Waterloo immediately. I do not think it can stand up; I think they will have to wind up their programmes. The entire government will collapse. With these words I conclude.

श्री शम्भूनाथ चतुर्वेदी (आगरा) : उपाध्यक्ष महोदय, कल लीडर आफ़ दि अपोजीशन ने अपना भाषण करते हुए कहा था कि प्रेसीडेंट का जो एड्रेस है, उस से उनको डिसएपाइण्टमेंट हुआ है। मैं भी बड़ी इज्जत के साथ यह कहना चाहता हूं कि कल की जो उन की स्पीच थी वह उस से भी ज्यादा डिसएपाइंटिंग थी। मैं उन की बड़ी इज्जत करता हूं लेकिन मुझे पता नहीं कि जिन हाफ़ ट्रुथ्स का उन्होंने हवाला दिया, वे कहां पर है। उन्होंने कहा कि नेशनल पुलिस कमीशन कोई नहीं बना। इस में हाफ ट्रुथ क्या है। दूसरे उन्होंने यह कहा कि इन्कम, वेजेज और प्राइस पालिसी के लिए कोई कार्य नहीं किया गया। इसी एड्रेस में लिखा हुआ है कि उस के लिए एक स्टेडी ग्रुप बना हुआ है जो उस पर काम कर रहा है और उस के बाद वह अपनी रिपोर्ट देगा। इसी तरह से उन्होंने और भी कई बातें कहीं। मैं समझता हूं कि जिस स्टेण्डर्ड की लीडर आफ़ दि अपोजीशन की स्पीच होनी चाहिए थी, उतने स्टेण्डर्ड की नहीं थी।

मैं आपसे निवेदन करना चाहता हूं कि जो हमारे दूसरे सदस्य उधर से बोल रहे थे और कह रहे थे कि यह नहीं हुआ और वह नहीं हुआ और गवर्नमेंट थोड़े दिनों में खत्म हो जाएगी, वे दिवा स्वप्न देखा करें। इस गवर्नमेंट ने बहुत कुछ किया है और वह हम सब के सामने है। इस सरकार ने बहुत से प्रतिबन्धों से मुक्ति दिलाई है। सब से बड़ी मुक्ति इस ने दिलाइ है **फियर** से, भय से हम को मुक्त किया है जो कि सब से ज्यादा डिमोरेलाइजेशन फोर्स होती है। लोगों को फ्रीडम आफ एक्सप्रेशन, फीडम आफ़ स्पीच फिर से प्राप्त

हुई है। ये सब जो फ्रीडम्स है, ये खत्म हो चुकी थीं और वे इस प्रकार सरकार ने दिलाई है। फ्रीडम आफ इन्फार्मेशन को कि पहले खत्म हो गई थी और हर बात पर पर्दा डाल दिया जाता था, वह दिलाई है। फ्रीडम फ्राम वाण्ट की जहां तक बात है, वह एक दिन में नहीं मिल सकती। एकदम से हथेली पर सरसों नहीं जम सकती और हर चीज की करने में समय लगता है। आप लोग 30 साल तक पावर में रहे है और कुछ नहीं कर पाए है। अब प्राइसेज स्टेबीलाइज हो गई है और इन्फ्लेशन भी चैक हो गया है। ये सब चीजें हुई है लेकिन हम यह नहीं कह रहे है कि जो कुछ हम ने किया है, उस पर हमें संतोष है। आप कहते है कि कोई एकोनामी की डाइरेक्शन नहीं है। अभी जो बजट आया है, उस में डाइरेक्शन स्पष्ट है। आप तो आल्हा की तरह से "पब्लिक सैक्टर, पब्लिक सैक्टर, पब्लिक सैक्टर" का ही राग अलापते रहते हैं। चाहे स्थिति क्या थी उसका भी अन्दाजा इस से लगाया जा सकता है। वास्तव में जो इकोनोमी आपने छोड़ी है वह किस तरह की थी? सारे देश का संचालन 15–20 प्रतिशत लोगों की सुख सुविधा के लिए होता था। वे कौन लोग थे? पैसे वाले, बिजिनैसमैन, जो सत्ता में थे चाहे वे प्रशासन में हों या शासन में हों या वे लोग थे जो आर्गेनाइज्ड ग्रुप के थे। उन्हीं की बात बराबर उठती थी सदन में और उन्हीं की सुविधा के काम होते थे फिर चाहे डी ए की बात हो या पब्लिक डिस्ट्रीब्यूशन सिस्टम से लाभ उठाने की बात हो। जो भी चीज होती थी अर्बन एरियाज के लोगों के सुख सुविधा की ज्यादातर होती थी या फिर उन संगठित ग्रुप्स के लिए होती थी जोकि समाज के ऊपर रिवालवर तान कर उसको रैशम पर रख कर जो चाहते थे ले लेते थे, कंसेशन ले लेते थे। उन अस्सी परसेंट लोगों के लिए कौन आवाज उठाता था जिनका कोई संगठन नहीं। उसमें से 60–70 परसेंट लोग जो आज भी पावर्टी लाइन के नीचे रह रहे है उनकी आवाज कौन सुनता है। उनकी उपेक्षा होती थी। वही लिगैसी हमें विरासत में मिली है। इसको हमें सुधारना है और इन्हीं लोगों को हमें आगे बढ़ाना है। उसके लिए जो नया ओरियेंटेशन हमने दिया है उसको आप देखें। हम गांवों का डिवेलेपमेंट करेंगे। इन 70–80 प्रतिशत लोगों के लिए हमारे सारे प्रयास केन्द्रित होंगे। ट्रेंड उसी तरफ है। हम बजट का चालीस परसेंट विल्लेजिज के डिवेलेपमेंट पर खर्च कर रहे है। ज्यादा से ज्यादा पावर पर कर रहे है। इरिगेशन, एग्रिकलचर के लिए कर रहे है। यह फिलोसोफी हमारी है। केवल मात्र पब्लिक सैक्टर का मंत्र पढ़ने से देश का उत्थान नहीं हो सकता है। पब्लिक सैक्टर भी बड़ी बड़ी या छोटी मोटी रियासतें बन गया है। मोनोपोली चाहे प्राइवेट या पब्लिक सैक्टर की हो बुरी है। अगर प्राइवेट सैक्टर की खराब है तो पब्लिक सैक्टर की भी कम बुरी नहीं है क्योंकि वहां राजनीतिक सत्ता का, पोलिटिकल पावर और इकोनोमिक पावर दोनों का कनसेंट्रेशन होता है और वही अन्त में जा कर डिक्टेटरशिप लाता है। उस वास्ते उस पर वियंत्रण रखना चाहिए। पहले पहल यहां पर शोशल कंट्रोल की बात होती थी। बैंक्स के राष्ट्रीयकरण से पहले सोशल कंट्रोल की बात आई थी। उसको ट्रायल नहीं दिया है। बैंकों का राष्ट्रीयकरण कर दिया गया। आज क्या हालत है? कोई भी आदमी जाए उसको पता चल जाएगा कि वहां एफिशेंसी बढ़ी है या कम हुई है। वहां एफिशेंसी गिरी है। अधिकांश पैसा उन्हीं बिग हाउसिस को गया है जिनको पहल जाता था। गरीब को कोई ज्यादा लाभ नहीं हुआ है। इस वास्ते यह कोई मंत्र नहीं है कि आपने नैशनलाइजेशन कर दिया और सब काम ठीक हो गया। यह इकोनोमी हमें दी गई है। जो डायरेक्शन

[श्री शम्भूनाथ चतुर्वेदी]

इसको हम देना चाहते है वह भी आपके सामने है । कोई प्रासेस आफ डिवेलैपमेंट ऐसा नहीं हो सकता है कि उसके तत्काल परिणाम सामन आएं ।

किसी साहब ने लिखा है :

"Economic development is not a process which breeds social contentment; instead development is apt to be characterised by a growing gap between expectations and achievements, by an increased awareness of insufficiency and a decreased tolerance of both poverty and privilege."

यह एक चढ़ाई है जिस पर हमको चढ़ना है वह आसान चढ़ाई नहीं है, उसमें समय लगेगा । आज जिस स्थिति का हम को सामना करना पड़ रहा है उस में बहुत सी रुकावटें भी आ रही है । पहली बात यह है कि लोगों के ऊपर जिस तरह का दमन हुआ है, जो डिमारेलाइजेशन आया है, उनकी भावनायें इतने दिनों तक रुकी रही हैं, आज उनका एक विस्फोट हुआ हैं । उसके परिणामस्वरूप चारों तरफ स्ट्राइक्स लाक आउटस, घेराव, पब्लिक प्रापर्टी का डैस्ट्रक्शन आदि चीजें हो रही हैं । आज ही एक प्रश्न के उत्तर में मुझे बताया गया है कि इनकी संख्या में निरन्तर वृद्धि हो रही है । 596 स्ट्राइक्स पब्लिक सैक्टर में हुई हैं, 1298 प्राइवेट सैक्टर में हुई है, 323 लाक आउट हुए है और कुल मिला कर मैनडेज को लास्ट हुए हैं 18 मिलियन हुए हैं ।

तो जब हम इस प्रयास में लगे हुए हैं तो मैं समझता हूं कि कम से कम कोई आचार संहिता इन सब के लिए होनी चाहिए और ग्रीवांसेज के निर्णय जल्दी किये जायें बजाय इसके कि टाला जाय । टालने से समस्या जटिल हो जाती है । यह इमप्रैशन कम से कम नहीं होना चाहिए कि जैसे हमारे ऊपर प्रैशर पड़ेगा उस तरह से हम ईल्ड करते जायेंगे । तो यह समस्या जटिल है । आज तो छोटी छोटी बातों के लिए हर आदमी चाहता है कि पब्लिक प्रोपर्टी को नष्ट कर दें, दबा कर, सही या गलत मांग को किसी तरह से मनवा लें । इस तरह देश का निर्माण नहीं हो सकता है । जो भी ऐसा करते हैं वह गलत करते हैं और मेरी राय हैं कि कम से कम साल, दो साल के लिए इन नकारात्मक तरीकों पर यानी स्ट्राइक्स और लौक आउट्स पर, मोरेटोरियम होना चाहिए और बाई कसीलियेशन, एडजुडिकेशन द्वारा इन समस्याओं का निराकरण करें तभी हम आगे बढ़ सकेंगें ।

दूसरी बात ला एण्ड आर्डर प्रोबलम की है । उसका कारण यह है कि लोगों का दमन हुआ उसके बाद अब जो भय है उसको हटाने की हमने चेष्टा की । वह डर सबसे पहले ऐंटी सोशल लोगों के दिमाग से भी हट गया हैं और इसलिए ऐसी स्थिति आ गई है । लोगों में असुरक्षा की भावना घर कर गई है । अगर देश की हालत वही रहेगी तो हमारे विकास का कार्य, खास तौर से देहातों में कैसे पूरा होगा । क्योंकि बिना सुरक्षा के कोई प्रयास नहीं हो सकता है । इसलिए इस तरफ हमको तत्काल ध्यान देना चाहिए, और जो हमारे कर्मचारी हैं, जिस यंत्र के द्वारा यह करना चाहते हैं उसको भी किसी तरह से ठीक करना है । वह अकुशल और भ्रष्ट दोनों हैं जिसका कुछ ठिकाना नहीं है और उसका जो डिमोरेलाइजेशन हुआ है इमरजेंसी के दौरान वह आपने देखा कि बड़े से बड़े अफसर से ले कर, चाहे लेफ्टीनेंट गवर्नर हो, या जौइट सेक्रेटरी हो, छोटे अधिकारी किसी को जरा भी परेशानी नहीं हुई लोगों पर अत्याचार करने में । अपनी सुख सुविधा के लिए हर तरह से अपने को कामप्रोमाइज किया और जो भी आदेश आये उनका बेरहमी से पालन किया,

लोगों के घर गिराये गये, गोलियां चलाई गई। और आज उस यंत्र का जिसके जरिए काम करना है उसको अगर नहीं सुधारते हैं और ठीक रास्ते पर नहीं लाते हैं तब तक हम ठीक तरह से काम नहीं कर सकेंगे। तो यह दो, तीन चीजें बड़ी जरूरी हैं जिनके लिए हमें चेष्टा करनी चाहिए।

सरकार ने अभी प्रीवेंटिव डिटेंशन का क्लाज क्रिमिनल प्रोसीजर कोड में रखा है। लेकिन मैं समझता हूं कि अगर हम बेल के प्रीवीजन को ही टाइटन कर दें और जो प्रीवेंटिव सेक्शन्स आलरेडी हैं उनका ज्यादा उपयोग करने पर बल दें, तो फिलहाल प्रीवेंटिव डिटेंशन को लाने की आवश्यकता नहीं पड़े।

एडिमिनिस्ट्रेशन एक तो टौप हैवी है, और दूसरे दिक्कत यह है कि हमारे बेस के आर्गेनाइजेशन जो है वह बहुत ही कमजोर है। चाहे शिक्षा के क्षेत्र में हों, चाहे पुलिस के क्षेत्र में हो, चाहे सिंचाई के क्षेत्र में हो। आप देखें कि जो पुलिस है, वह अब भी बहुत सी जगहों में बरामदों में चौकियां बनाए हुए हैं, उनको वहां रहने की जगह नहीं हैं। प्राइमरी स्कूल टूटे पड़े हैं और पढ़ाने वाला अधिकांश समय गायब रहता है, पढ़ाई नहीं होती है। सब जगह रिश्वत चलती हैं, जो कि सब को मालूम है। जब यह स्थिति है, तो हमारे यहां काम कैसे चलेगा? कैसे स्टाइल आफ एडमिनिस्ट्रेशन बदलेगा; जिसमें कर्मचारियों में यह भावना हो कि वह सेवा के लिए हैं, हुकूमत के लिए नहीं हैं। यह इतने बड़े-बड़े काम हैं, जिनको आज देश में करना है, तभी जो सुधार हम लाना चाहते हैं, ला पायेंगे।

हमारी दिशा बिल्कुल ठीक है। हम पर गलत चार्ज लगाया जाता है कि जनता सरकार दिशा विहीन है। लेकिन उस डायरेक्शन को कार्यान्वित करने के लिए हमें बहुत ही जबर्दस्त प्रयास करना पड़ेगा, तभी इन रुकावटों को दूर कर के हम सफलता प्राप्त कर सकते हैं।

चरित्र की गिरावट देश का सब से बड़ा संकट है। सब से बड़ा अहित एमर्जेंसी में जो हुआ है, वह डिमारलाइजेशन आफ नेशन है। उससे हमको उबरना हैं। जो भी हम काम करते हैं, उसके लिए जब चरित्र निर्माण की बात आती हैं तो बहुत से लोग उसका विरोध करते हैं। जैसे प्रोहिबीशन को लीजिए। उसके बारे में कहा जाता है कि क्राइम बढ़ेगा। लेकिन शराब के प्रचलन की वजह से कितना क्राइम हो रहा है, उसकी ओर हमारा ध्यान नहीं जाता। ऐसे बहुत से अधिकारी हैं जो वैसे रिश्वत नहीं लेते लेकिन वह भी शराब की बोतल और उस के साथ जो चीजें जाती हैं, उनका प्रलोभन वह नहीं रोक पाते हैं। प्रोहिबीशन को लागू न करने से रैवेन्यू में पैसा हमें जरूर मिल जाता है, लेकिन मद्यपान रहते हुए देश का उत्थान और चरित्र-निर्माण किस तरह से होने वाला है, यह समझ में नहीं आता हैं।

यह समस्याएं हैं, जिनकी तरफ हमको ध्यान देना है ताकि हम जिस रास्ते पर चल रहे है उसमें शीघ्र सफलता मिल सके। इन शब्दों के साथ मैं धन्यवाद प्रस्ताव का समर्थन करता हूं।

श्री वसन्त साठे (अकोला): उपाध्यक्ष जी, मैं आपकी इजाजत से आज हिन्दी में बोलना चाहता हूं, इसलिए कि हमारे भाई जो अंग्रेजी ठीक से नहीं समझ पाते, उन तक मैं अपनी बात पहुंचा सकूं।

राष्ट्रपति जी का जो अभिभाषण हुआ है, उसके धन्यवाद के प्रस्ताव पर मूलतया 3, 4 बातों की चर्चा मैं आज करना चाहता

[श्री वसन्त साठे]

हूं । जहां तक आर्थिक सवाल है, उस पर बजट की बहस पर विचार कर सकेंगे ।

पिछल 11 साल में जो कुछ हुआ, उसके निराकरण की जो चेष्टा आपने 11 महीने में की है, उससे जो चित्र सामने आया है, उसको मैं आपके सामने रखना चाहता हूं । पहले तो यह कहा गया कि हमने सब आजादियां पुनःस्थापित कीं, वृत्तपत्र स्वतंत्र हुए, लोगों के जीवन और जान-माल की सुरक्षा हो गई, लोग ज्यादा सुरक्षित हो गये । एक बात ख़ास तौर से कही जाती है कि अख़बारों को भी आजादी मिली । इन दो तीन बातों पर मैं विशेष रूप से चर्चा, और यह बताने का प्रयास, करना चाहता हूं कि हम कहां जा रहे हैं । मैं यह स्पष्ट करना चाहता हू कि मैं किसी कटुता की भावना में अपने विचार आप के सामने नहीं रखना चाहता हूं । हां, हम नोक-झोंक कर सकते हैं । जहां तक वाद-विवाद की बात है, आप से भी देखा है और हमने भी देखा है कि आप भी कम नहीं हैं, और जब समय आता है, तो हम भी कम नहीं हैं । लेकिन प्रश्न वह नहीं हैं ।

सवाल यह है कि हम सब गम्भीरता से पिछले ग्यारह महीनों का रिव्यू करें कि हम देश को कहां ले जा रहे हैं । जब जनता पार्टी सत्ता में आ गई, जब उस के शासन की शुरुआत हुई, तो हम समझते थे कि देश में पहली बार एक स्वस्थ लोकतंत्र की स्थापना हो रही है । यह बात मैं केवल आज नहीं कह रहा हूं; इस सदन में कांस्टीट्यशन की एमेंडमेंट पर बोलते हुए मैंने कहा था—आप मेरा भाषण पढ़ लीजिए —, और बार-बार कहता आ रहा हूं कि जिस देश में कोई पर्यायी पक्ष नहीं होगा, वहां लोकतन्त्र नहीं रह सकता है । हमारे देश की यह त्रुटि, कमी, रही है कि तीस साल की आजादी के बाद भी यहां कोई पर्यायी पक्ष नहीं बन पाया है । इमर्जेन्सी में जो भी बुरी बातें हुई हैं, उस में एक अच्छाई निकली कि उस इमर्जेंसी के बेलन के नीचे ऐसे पक्ष इकट्ठे हो गये, जो बावजूद श्री जयप्रकाश नारायण की लाख कोशिशों के इकट्ठे नहीं हो रहे थे । चलो, अच्छा हूआ । एक पर्यायी पक्ष बना । **(व्यवधान)**

एक माननीय सदस्य : पर्यायी पक्ष ?

श्री वसन्त साठे : वैकल्पिक पक्ष, विरोधी पक्ष ।

हिन्दी मेरी मातृभाषा नहीं है । अगर कोई त्रुटि हो, तो मुझे बता दें ।

अब शासन चलाने के लिए कोई दूसरा पक्ष चुन लिया जाये, मेरा कहना यह नहीं है । सौभाग्य से जनता पार्टी सत्ता में आ गई है । तो अब कम से कम यह आशा करनी चाहिए कि वह बनी रहे, मज़बूत और कान-सालिडेटिड रहे, और चार पांच साल में—जितना भी उस का समय है—देश को एक स्वस्थ लोकतंत्र दें । हम कम से कम यह आशा तो उस से कर सकते हैं । हमें जल्दी नहीं थी, और न आज है, कि किसी भी तरह से, येन केन प्रकारेण, जनता पार्टी को गद्दी से हटा दिया जाये । यह भावना नहीं है । लेकिन क्या उस से यह अपेक्षा करना भी अनुचित है कि वह इस देश में एक स्वस्थ लोकतंत्र की परम्परा प्रस्थापित करे ?

जब मैंने पहले इस सदन में यह आशा व्यक्त की, तो बड़ी भर्त्सना की गई, मज़ाक उड़ाया गया । उस वक्त मैंने सोचा कि पहला पहला गुस्सा है, इसी लिए उन्नीस महीने की बात बार बार कही जाती है । मुझे लगा कि पहला पहला गुस्सा है, भूल जायेंगे—पहला पहला उबाल है, निकल जायेगा । लेकिन मैं देख रहा हूं कि उन्नीस महीने का राग जान-बूझ कर बार-बार अलापा जाता है, जब कि गाड़ी पटरी से

उतर रही है। जसा कि अंग्रेजी में कहते हैं, **इट इज बिकमिंग काउंटर-प्राडक्टिव**। हम ने जो ग़लतियां कीं, अगर उन्हीं ग़लतियों को जनता पार्टी भी दोहरायेगी, तो नतीजा वही होगा, जो हमारी ग़लतियों का हुआ। एक बात को ही रटते बार बार तो लोग बोर हो जाते थे उस से बहुत दिन के बाद आप ने भी उसी बात को चलाया। आपने कहा न्याय को प्रस्थापना हुई। मैं आप से नम्रता से पूछना चाहता हूं कि कितने नान-ईशूज आप ने उठाए ? एक प्वाइंट प्रोग्राम जैसे देश का बन गया। आर्थिक सवाल देश के इतने अहम हैं, खुद आप मंजूर करते हैं। अभिभाषण में और परसों के बजट में कि बेकारी का सवाल आज भी विशाल पैमाने पर खड़ा है, आज भी हमारे देश में भुखमरी नष्ट नहीं हुई है, आज भी हमारे यहां कई क्षेत्रों में इतनी दुर्व्यवस्था है, इन सब चीजों को अगर दूर करना है तो एक किसी पार्टी के बस को बात भी नहीं है। सारे देश का ध्यान इन चीजों की ओर आप को लाना है। एक नेता, एक राज्यकर्त्ता पक्ष के नाते से आवश्यक था कि उसकी तरफ ध्यान ले जाते। हमारा 20 प्वाइंट प्रोग्राम अगर खराब था, एक मिनट के लिए मान कर चलें तो गरीबों को जमीन देना, गरीबों को मकान देना और वह भी पिछड़े हुए समाज के, अविकसित समाज के लोगों को जमीन और मकान देने का जो प्रयास हुआ वह तो कम से कम गलत नहीं हुआ। जो कर्ज-मुक्त लोगों को किया वह तो गलत नहीं हुआ ? उस को पूरा नहीं कार्यान्वित कर पाए तो जो रास्ता कम से कम था उस को तो नहीं कहा जा सकता कि गलत रास्ता था। आप उसके ऊपर चलते, तेजी से चलते और हम को कहते कि हम तेजी से चल रहे हैं, चलो तुम भी साथ आओ। हम न आते तो दोषी थे। लेकिन क्या हुआ ? इस का मुझे खेद है कि सारा ध्यान देश का दूसरी तरफ ले जाया गया। एक गुस्सा, एक क्रोध कि एक व्यक्ति को नष्ट करना है, इसके ऊपर अपने आप को लगाया। जब कंवर लाल गुप्त के प्रस्ताव पर मैं बोल रहा था तो मैंने कहा कि भाई, गुनहगार हों तो फांसी दे दो, सजा दे दो, पर उस गुनाह को न्यायोचित जो आप का रास्ता है उससे साबित तो करो, जो आप कहते हो उसे पुराओ, चलो, फौजदारी चलाओ, जो करना हो कर लो। लेकिन वह नहीं है इरादा। दिखता क्या है, जो आज नौ महीने से देख रहे हैं वह यह कि खाली एक चरित्र हनन कर रहे हैं। ... (**व्यवधान**) ..... आज नौ दस महीने में एक रत्ती भर जरा सा भी जिसे कानून में पुराव या प्रूफया एविडेंस कह सकते हैं, वह आप को नहीं मिला उस व्यक्ति के खिलाफ। जब आप ने पकड़ा तो जानते हैं कि क्या हो गया ? वहां भी मैजिस्ट्रेट को कहना पड़ा कि बिना किसी गवाह के, या आधार के मैं इन को जेल में नहीं रख सकता। आप को हंसी हो गई। अब आप माफ कीजिए, यह आप की प्रक्रिया रेडियो में और टी वी में चल रही है। अरे, इलेक्शन के दौरान कम से कम इतना तो करते कि इस को बन्द रखते। चुनाव के बाद दूसरे रोज शाह कमीशन मुल्तवी करते हैं, 20–21 रोज के लिए लेकिन चुनाव के दौरान रोज अखबार में आ रहा है। यह है आप की आजादी का मतलब ? यह है फ्रीडम का मतलब ? यह है स्वतन्त्र चुनाव का मतलब क्या आप करना चाहते हैं ? कहां जाना चाहते हैं ? मैं अपील यह करना चाहता हूं कि इस पागलपन को अब आप खत्म कीजिए। इस से कुछ निकलेगा नहीं। कोयला बार बार रगड़ते रहें सफेद नहीं होता।

श्री भानु कुमार शास्त्री (उदयपुर) : यह डिमोनेटाइजेशन भी एक व्यक्ति के विरुद्ध था क्या ?

श्री वसंत साठे : हां, इतना बड़ा डिमोनेटाइज़ेशन का कदम लिया अखबार में लिखा कि विद वन परसन इन व्यू। क्या कहें आपको ? मैं आप से कहूं इतना भी क्रोध ठीक नहीं —

क्रोधात् भवतिच समोहः
समोहात् स्मृतिविभ्रमः ।
स्मृति भ्रंशाद् बुद्धि नाशो
बुद्धि नाशात् प्रणश्यति ॥

..... (**व्यवधान**) ....

श्री भानु कुमार शास्त्री : विवेक भ्रष्टानात् भवति विनिपातः शतमुख :

श्री वसंत साठे : इनका बुद्धिनाश जब हुआ तभी प्रणश्यति हुआ। आप भी वही काम कर रहे हैं। हमारे चौधरी साहब ने जो देश में तमाम कमीशन, कमीशन, कमीशन बिठाये वह एक तरफा गवाही ले रहे हैं। इसमें वही सज्जन हैं जिन के बारे में श्री जार्ज फर्नेंडीज़, श्री मधु लिमये, श्री एस० एम० जोशी, जनेश्वर मिश्र और राजनारायण (**व्यवधान**) कामत साहब, आप भी थे।

DR. SUBRAMANIAM SWAMY: It (Bombay North-East): That document was forged.

SHRI VASANT SATHE: You were not there at that time. Otherwise, I would have believed that it was forged.

DR. SUBRAMANIAM SWAMY: It was disowned?

श्री वसंत साठे : Nobody had disowned.

तो इन लोगों ने कहा कि यह आदमी पक्षपाती है, एकतरफा फैसला देता है, यह न्याय देने के काबिल नहीं है और इसको सुप्रीमकोर्ट की जजशिप से हटा दिया जाये। यह चीज़ दो सौ लोगों की तरफ से आई थी। यह 1968 की बात हैं।

श्री हरि विष्णु कामत (होशंगाबाद) : उस समय मैं यहां पर नहीं था।

श्री वसंत साठे : आप होते तो शायद यह न होता। तो इन्दिरा जी को न्याय दिलाने के लिए आपको यही व्यक्ति मिला। वे एकतरफा गवाही ले रहे हैं और लाउड स्पीकर पर चला रहे हैं। टी० वी० और रेडियो पर चला रहे हैं। कहते हैं कि मैं अपनी जानकारी के लिए ले रहा हूं। तो फिर ऐसा क्यों कर रहे हैं ? पर नहीं, एकतरफा गवाही लेंगे, उसकी इश्तहारबाज़ी करेंगे, टी० वी० और रेडियो पर सारे देश में। खुद ही वकील बनेंगे, खुद ही प्राजीक्यूटर बनेंगे और खुद ही रिपोर्ट देंगे। यह कोई न्याय की बात है क्या ? लेकिन मुझे कोई एतराज़ नहीं है आप चलने दीजिए। जितना ही आप इसको चलायेंगे उतना ही काउंटर प्रोडक्टिव होगा और आपके विरुद्ध जायेगा। (**व्यवधान**)

श्री भानु कुमार शास्त्री : आप कमीशन के सामने जाने से डरते क्यों हैं ?

15.00 hrs.

श्री वसंत साठे : वह डरने वाला व्यक्ति नहीं है।

मैं एक बात आपके ध्यान में और लाना चाहता हूं। एक मामला 1977 में यहां की अदालत में दिल्ली के मैजिस्ट्रेट के पास आया था। यह मामला हैं State *Vs.* Suraj Prakash Sukla under section 43 of the DIR, Police Station—Delhi Cantt. FIR 7 of 1977.

यह इमर्जेंसी के दौरान की बात नहीं है, बाद की है। इसमें मैजिस्ट्रेट क्या कहते

हैं, उनके आर्डर का कुछ पोर्शन पढ़ कर सुनाना चाहता हूं और आपकी आज्ञा से सदन के सभा पटल पर रख* दूंगा :

"The Station House Officer of Police Station Delhi Cantt has sent up this challan against the accused Suraj Parkash Shukla son of Sh. Ram Narain Shukla U/S 43 of the DIR which has been forwarded by the S.D.P.O. Delhi Cantt. It has been prayed that the accused be discharged in this case as he was insane at the time of alleged commission of the offence. The brief facts of the case are that on 27-12-1976 a letter was intercepted which was addressed to Prime Minister of Pakistan by the accused Suraj Parkash Shukla stating therein that he would murder the then Prime Minister of India Smt. Indira Gandhi in case he is paid Dollars equivalent to 95 lakhs. The accused was arrested and his handwriting was obtained and was sent to the hand writing Expert for comparison with the handwriting of the letter. The accused was also got medically examined in a Mental Hospital and it was thus prayed that as the alleged offence was committed by the accused while he was insane, he be discharged

I have gone through the documents on record and persued the report forwarded by the S.D.P O. and heard the Ld. APP. It was argued that the accused was insane at the time when the letter was alleged to have been written by him but there is no reliable evidence or record which could suggest that the accused was in fact insane when the alleged letter was written by him and even otherwise this contention should have been raised by the accused himself that he was insane at the time of writing the letter and there is also nothing to suggest on record to show as to how the prosecuting Agency came to the conclusion that the accused was insane at the time of committing of the alleged offence. The accused was only subsequently examined by the doctor of the hospital for Medical disease but he also did not give any definite opinion and the report of the Medical Officer Central Jail Hospital has though suggested that the patient Suraj Parshad was insane but this report is dated 25-2-1977 and the letter was allegedly written much prior to this report and Ld. APP has not been able to show that in fact the accused was insane at the time of writing the alleged letter. There is no ground for discharging the accused. I find that a *prima facie* was U/s 43 of the DIR is made out against the accused. I thus take the cognizance in this case. The accused be summoned for 10th of March, 1978. The case be registered."

इस आदमी को, इस मैजिस्ट्रेट को वहां से ट्रांसफर कर दिया गया—यह आप की न्यायप्रियता है । मैं ऐसे अनेक उदाहरण आप को दे सकता हूं ।

आप जानते हैं—दिल्ली में क्या हो रहा है ? 12 रोबरी के केसेज़ दिल्ली में एक दिन में हुए हैं . .

श्री श्यामसुन्दर लाल (बयाना) : दिन में नहीं, रात में ।

श्री वसन्त साठे : यह जो कुछ हो रहा है, थोड़ा इस पर सोचिये । मैं आप से दरख्वास्त करना चाहता हूं—

Cry hoarse this time even now.

ऐसी बात नहीं है कि हम दक्षिण में जीत गये, तो कोई बहुत बड़ी बात हो गई है । मैं इसे बड़ी बात नहीं मानता हूं, आप भी बड़ी बात मत मानिये—इस विजय को, लेकिन ज़रा सन्तुलन वापस लाइये और महरबानी कर के, यदि आप ठीक समझते हैं तो जो हम सब का

*The Speaker not having subsequently accorded the necessary permission, document was not treated as laid on the Table.

[श्री बसन्त साठे]

मूल उद्देश्य है, देश का आर्थिक विकास हो, उस की तरफ़ ध्यान दीजिये, आप और हम सब मिल कर उस काम को करें।

आज चम्बल-वैली का इतना बड़ा सवाल है। जय प्रकाश जी ने प्रयास कर के चम्बल के डाकुओं से आत्मसमर्पण कराया। लेकिन अब वहां क्या हो रहा है ? वहां पर नई सरकार आ गई है, उन को विश्वास नहीं है कि जय प्रकाश जी ने जो कार्य किया था, उस को आगे बढ़ाया जाय, इसलिये उस सारे प्रयास को छोड़ दिया गया। जय प्रकाश जी ने खुद इन की सरकार को लिखा है। मेरे पास यह महाराष्ट्र की बहुत मशहूर पत्रिका है—किलोस्कर—इस के फरवरी के अंक में जो लिखा है, उस को ज़रूर पढ़िये। इस में जयप्रकाश जी कहते हैं—

> "मध्य प्रदेश शासनाने याची दखल घेतली नाही। जयप्रकाश जीनी 3-6-77 ला राज्य पालांना पत्र लिहिले। त्यात त्यांनी स्पष्ट म्हटदे आहे, . . .

श्री श्याम सुन्दर लाल : मेरा प्वाइन्ट आफ़ आर्डर है। ये इस हाऊस के माध्यम से इस अख़बार को पब्लिसिटी कर रहे हैं।

श्री बसंत साठे : यह अख़बार नहीं है, मेगजीन है। उन्होंने कहा था:

> "शासन को पहले समझौते के अनुसार समस्या हल करनी चाहिए थी। पुराना शासन उस दिशा में जो कुछ कर रहा था, वह रुक गया है। मेरी आप से प्रार्थना है कि जिस वातावरण में इस समस्या का हल हुआ और देश को ऐसी समस्याओं के हल के लिए जो नई दिशा मिली, उसे ध्यान में रखते हुए शासन पुनः अपनी जिम्मेदारियां पूरी करने की ओर बढ़े। उस का जो कर्त्तव्य है, उसे निभाये"।

अब इसमें ग़लत बात कौन सी थी।

अब एक आखरी बात मैं यह कहना चाहता हूं कि आप यह कहते हैं कि अखबारों पर कोई आपरेशन नहीं हो रहा है और वे पूरे स्वतन्त्र हो गये हैं। मैं आप को एक ताजा उदाहरण देता हू। 'लोकमत' अख़बार एक मीडियम पेपर है, जिस को संरक्षण दिया जाना चाहिए। उस अख़बार ने इन्दिरा की जो विदर्भ यात्रा हुई थी, उस की प्रसिद्धी कर दी, तो क्या होता है। 21 जनवरी को इन्दिरा जी वहां जाती हैं और 25 जनवरी को डाइरेक्टर आफ़ एडवरटाईजिंग एण्ड विजुअल पब्लीसिटी से उन के पास एक खत आता है, जिस में वे यह कहते हैं:

"Dear Sir,

We are sorry to inform you that, in view of the need for economy, it will not be possible for us to release further UPSC advertisements to your paper from this week. Your paper will, however, continue to receive other suitable advertisements as before.

Yours faithfully,

Sd.| K. K. Puri,
Dy. Dir. (Advg.)."

यह मि० के० के० पुरी, डिप्टी डाइरेक्टर का पत्र है। 40 हज़ार जिस अख़बार का डेली सर्कूलेशन हो, उस के पास 25 जनवरी को इस तरह का खत जाता है और दूसरे ही हफ्ते में 'युगधर्म' अख़बार जो नागपुर से निलकता है और जो आर०एस०एस० का चलाया हुआ है और जिस का सर्कूलेशन 7,000 पर डे हैं, उस को एक बहुत बड़ा यू०पी०एस० सी० का एडवरटाइजमेंट दे दिया जाता है। 4 फरवरी का यह अख़बार है। इतना बड़ा एडवरटाइजमेंट यू०पी०एस०सी० को फार एकोनोमी रीजन्स दे दिया जाता है। कुल 4 पन्नों का यह अख़बार है और पूरे एक पन्ने का एडवरटाइजमेंट है। इस तरह से आप देखें कि इस तरह के अखबारों को संरक्षण दिया जा रहा है। इसी तरह से तरुण भारत और नवभारत को भी दिया जा रहा है।

मैं इतना कह कर खत्म करता हूं कि मैंने कोई बुरी बात तो नहीं कही है और मैं आप से अनुरोध करूंगा कि भई आप ने बहुत कुछ निकालने की कोशिश की पर मिला कुछ नहीं। केपसूल भी खोद कर निकाला। उस में मिला क्या ? क्या आप सोच रहे थे कि इन्दिरा गांधी ने रख दिया है और वह आपको मिलेगा, वह आपको नहीं मिला। यही कहावत चरितार्थ हुई है खोदा पहाड़ निकली चूहिया भी नहीं—

श्री यज्ञदत्त शर्मा (गुरदासपुर) : पक्षपात निकला है।

श्री वसन्त साठे : बता दें क्या निकला है।

उपाध्यक्ष महोदय, मेरी प्रार्थना है अभी भी समय है जब हम इस कटुता के वातावरण को समाप्त कर सकते हैं और हमें चाहिये कि हम इसको समाप्त करें। एक साल हो गया है, अब तो इसको समाप्त कर दिया जाना चाहिये। कुछ ठोस काम हम हाथ में ले लें जिससे देश को लाभ हो। मैं मिसाल देता हूं। चम्बल घाटी के बीहड़ों की समतल करने की योजना बनाई जानी चाहिये और उस में सारे देश के नौजवानों को लगाया जाना चाहिये। कुछ इस प्रकार के निर्माण के कार्य हाथ में लिये जाने चाहियें। जो बड़े बड़े नेता हैं उनको आप इकट्ठा करो। इस में मुरारजी देसाई हों, इदिरा गांधी हों, जय प्रकाश जी स्वयं बुलाएं और भी जो बड़े नेता हों उनको बुलाएं, मुझे कोई एतराज़ नहीं है और वे बैठें और एक योजना बनाएं ताकि देश की जनता की इन निर्माण कार्यों के लिए मोबिलाइज़ किया जा सके। इस तरह की चीज़ का आप प्रयत्न करें। यदि ऐसा नहीं किया गया और खाली एक दूसरे पर आरोप प्रत्यारोप लगाते ही हम चले गए और उसी में अपनी सारी शक्ति हम क्षीण कर दें तो देश का जो हम पर विश्वास है वह उठ जाएगा, देशवासियों की जो हम से अपेक्षा है वह समाप्त हो जाएगी और वे उदासीन हो जाएंगे। हमारे देश के युवक खास तौर पर निराश हो जाएंगे। मेरा अनुरोध है कि इस कटुता के वातावरण की आप खत्म करें और एक संस्कृत श्लोक जो यहां लिखा हुआ है उसकी मैं आपको याद दिला कर समाप्त करता हूं:

सहनाववतु, सहनौ भुनक्तु, सहवीर्यं करवावहे
तेजस्विनावधीतमस्तु मा विद्विषावहें।

विद्वेष की भावना को त्याग कर आगे बढ़ो और साथ ले कर चलने की बात करो।

श्री राम किशन (भरतपुर) : उपाध्यक्ष महोदय, राष्ट्रपति जी के अभिभाषण पर जो धन्यवाद का प्रस्ताव रखा गया है उस का मैं हृदय से समर्थन करता हूं। कुछ कहने से पहले मैं प्रतिपक्ष के तीन माननीय सदस्यों ने जो भाषण किए हैं और जो पिछली सरकार के महत्वपूर्ण अंग भी रहे हैं, मैं कहना चाहता हूं कि उनकी बातों को मैंने बहुत ध्यान से सुना हैं और खास तौर पर श्री चह्वाण की बातों को बहुत ध्यान से सुना है। उनके अतिरिक्त दो अन्य माननीय सदस्य हैं श्री स्टिफंज़ और श्री साठे। अगर उन तीनों की बातों का मैं जवाब दूं तब तो मेरा सारा समय उसी में निकल जाएगा। लेकिन मैं केवल उन से एक बात पूछना चाहता हूं। वह आलोचना किस बात की कर रहे थे ? अगर वह भारत की गृह नीति की या विदेश नीति की आलोचना करते तो बात मेरी समझ में आ सकती थी। लेकिन वह आलोचना कर रहे थे हमारे देश की आर्थिक नीति की। मैं उन से पूछना चाहता हूं कि तीस साल के कांग्रेस के राज में जो आर्थिक स्थिति थी और जो आर्थिक स्थिति उन्होंने हमारे लिए छोड़ी है क्या उसकी तरफ उन्होंने नजर दौड़ाई है ? उनका कहना है कि विकास दर घट गई है। मैं इस बात को मानता हूं कि पिछले साल के

[श्री राम किशन]

मुकाबले में यह घटी है। लेकिन एक बात का ध्यान रखें। तीस साल तक उन्होंने आयोजन किया है। 1951 से 1975 तक के दौरान हमारे देश की विकास दर 3.2 प्रतिशत रही है। आखिरी एक साल इस में नहीं है। इस में भला, बुरा समय भी आया, अच्छा बुरा मौसम सब शामिल है।

तो मैं उनसे पूछना चाहता हूं कि उन्हें क्या अधिकार है यह कहने का कि एक साल के राज में, जनता पार्टी के राज में भारत की विकास गति घट गई है? किसी भी मुल्क के लिए एक साल निर्णायक नहीं होता है, और न एक साल में किसी मुल्क की आर्थिक स्थिति के बारे में यह निश्चित तौर पर कहा जा सकता है कि यह देश किस दिशा में जायेगा।

जो बातें हमारे कांग्रेसी भाई कहते हैं मुझे उनसे एक बात कहनी है कि इस अभिभाषण में राष्ट्रपति जो ने यह आशा व्यक्त की है कि हमारी अर्थव्यवस्था मजबूत हो गई है और मजबूत आधार हमने खड़ा कर लिया है, अब हम आगे बढ़ेंगे। जैसी कि कांग्रेस के माननीय सदस्यों को समभ्रान्ति है वैसे ही मान कर चलता हूं। कि इस साल पांच प्रतिशत विकास दर रही ह पिछले साल के मुकाबले। तो क्या यह अच्छी स्थिति नहीं है? अच्छा मौसम था, अच्छी खेती हुई और खेती की वजह से सुधार हुआ है, यह मैं मानता हूं। उनका आरोप भी सही है और मेरी बात भी सही है। लेकिन सवाल यह है कि कांग्रेस के शासन में जहां पूंजीवाद के खिलाफ़ सघर्ष की बात कही जाती है, समाजवाद के लिए संघर्ष की बात कही जाती है, उन सब योजनाओं को देखें तो आप पायेंगे कि आखिर उन्होंने देश को किस स्थिति में छोड़ा था। 30 साल को आयोजना के बाद हमारी क्या स्थिति थी उस पर उन्हें नजर डालनी चाहिए और फिर कुछ रचनात्मक सुझाव दें तो जनता सरकार अवश्य उन्हें स्वीकार करेगी। लेकिन वह जरा अपनी पुरानी स्थिति को देख लें कि क्या स्थिति थी। उपाध्यक्ष महोदय, 1974–75 साल को अगर ले लें, 1971 से 1974–75 तक, खास-तौर से पिछले चुनाव के बाद जब श्रीमती इन्दिरा गांधी बड़ी आशाओं के साथ गरीबी हटाओ का नारा दे कर आई थीं उन चार सालों के अन्दर हमारे देश की विकास गति 5.2 प्रतिशत रही हैं, यानी सवा प्रतिशत से भी कम एक साल में हमारे देश की आर्थिक स्थिति में सुधार हुआ है। तो इससे ज्यादा गिरावट, गिरी हुई अर्थ व्यवस्था एशिया और अफ़्रीका के किसी देश में नहीं रही है। आप श्रीलका, बर्मा, इंडोनीशिया, मलेशिया को देखें, यूरोप के विकसित देशों की बात मैं नहीं करता, इन देशों को देखते हैं तो 1971 से 1975 तक हमारे देश की जो विकास गति रही है वह सब से कम रही है। तो अब अगर वह आलोचना करते हैं कि एक साल के जनता पार्टी के शासन काल में विकास गति 5 प्रतिशत रही है वह उत्साहवर्धक नहीं है, तो उन्हें खुद सोचना चाहिए कि पिछले 20 साल के आयोजन से हमें क्या नतीजा मिला और देश की किस स्थिति में उन्होंने छोड़ा था।

इस सम्बन्ध में एक बात कहनी है, खास तौर पर प्रति व्यक्ति आमदनी के सम्बन्ध में। 1964–65 में प्रति व्यक्ति आय 335.71 रु० थी लेकिन 1975–76 में वह 337.71 रह गई। 10 साल में हमारी विकास गति में कोई खास वृद्धि नहीं हुई है। और यह जो छोटी वृद्धि हुई थी वह खेती के विकास या उद्योगों के विकास की वजह से नहीं, बल्कि यातायात, संचार साधनों के द्वारा थोड़ी बहुत वृद्धि हुई थी अन्यथा हमारी अर्थ व्यवस्था जड़ थी। इसलिए जनता पार्टी की सरकार को इस जड़ता को नष्ट करने के लिए कोई क्रान्तिकारी कार्यक्रम अपनाना पड़ेगा।

जहां तक कांग्रेसी भाइयों की आलोचना का सवाल है, माननीय चह्वाण ने बड़े दुख के साथ मूल्यों के बारे में कहा कि मूल्य बढ़ गये हैं। वह कांग्रेस के वरिष्ठ सदस्य रहे हैं और वित्त मंत्री भी रहे हैं। कुछ चीजों की कीमत बता रहे थे कि बढ़ी हैं। लेकिन कमोडिटी ऐज ए होल सारी चीजों का सूचकांक निश्चित तौर पर पिछले साल के बराबर है। हमारी पिछली अर्थ व्यवस्था की बात थी खेती से उत्पादित चीजों की कीमत निरन्तर घटती रहती थी लेकिन उद्योगों से बने हुए सामान की कीमत नहीं घटती है। और वह स्थिति कांग्रेस शासन छोड़ कर गया है। इस सब में सुधार करना हैं। अगर खेती की चीजों के दाम घटते हैं तो कारखानों में बने माल की कीमत भी घटानी होगी। होता वह है कि कृषि उत्पादित चीजों के दाम घटते जाते हैं और उद्योगपतियों के मुनाफ़े में, उनके उत्पादन लागत में कोई कमी नहीं होती हैं और न उपभोक्ता को ही कोई लाभ मिलता है। असली संकट हमारी अर्थ व्यवस्था का यह हैं। हमारी अर्थ व्यवस्था का संकट वह नहीं हैं जो प्रतिपक्ष के सदस्यों ने हमारे सामने रखा है। हमारी अर्थ व्यवस्था का वह संकट यह है, इस पर जनता पार्टी को सोचना पड़ेगा।

एक बात मुझे यह कहनी है कि तीसरी पंचवर्षीय योजना से महंगाई शुरू हुई है। इसके शुरू में जो प्राइस इंडैक्स था वह 32 प्रतिशत बढ गया और आज भी वह बढ़ा हुआ इंडैक्स जैसे का तैसा चल रहा है चौथी और पांचवीं पंचवर्षीय योजना में भी वही स्थिति रही। प्रश्न यह नहीं है कि कीमतें बढ़ीं या घटीं, बल्कि यह है कि इतनी कीमतें जो हमारे देश में बढ़ गई, उनको कैसे नीचा लाया जाये ?

जनता पार्टी ने जो दिशा ग्रहण की है, उसमें एक दिशा ग्रामीण विकास की बिल्कुल सही हैं, क्योंकि ग्रामीण विकास की मार्फत, देश की अर्थ-व्यवस्था में जो 70, 80 प्रतिशत लोग ग्रामीण जीवन से संबंधित हैं, हम उनकी दशा सुधारने की कोशिश करेंगे। लेकिन उसमें भी एक संकट है। हमारी सरकार की तरफ से यह कहा जाता है कि हम ग्रामीण विकास के लिए 40 प्रतिशत धन का प्रावधान करेंगे। यह अच्छी चीज है, क्योंकि तीन योजनाओं में जो हमने इस के लिए प्रावधान किया है वह निरन्तर घटता चला गया है। पिछली सरकार ने खेती और ग्रामों की उपेक्षा की। पहली पंचवर्षीय योजना में ग्रामीण विकास पर जहां 28 प्रतिशत खर्च किया गया था, वह पांचवीं योजना में घटकर 23 प्रतिशत रह गया। इसलिए अब जनता सरकार ने जो उसे 40 प्रतिशत किया हैं, उसका हम स्वागत करेंगे। लेकिन सवाल यह उठता है कि ग्रामीण के विकास का मतलब कौन से ग्रामीणों का विकास है ? क्या बड़ी जमीन वालों और साहूकारों का विकास करेंगे ? गांव में जो समाज है उसमें एक तरफ शोषित लोग हैं दरिद्र लोग हैं और दूसरी तरफ सम्पन्न वर्ग के लोग हैं। मैं इतना ही कहना चाहूंगा कि ग्रामीण विकास के कार्यक्रम में जो दरिद्र और शोषित व भूमिहीन लोग हैं, उनकी तरफ ध्यान दिया जाना चाहिए। तीसरी, चौथी और पांचवीं पंचवर्षीय योजना के जो परिणाम हमारे सामने आये है, उसका नतीजा यह है कि गांवों में रहने वाला गरीब और गरीब होता जा रहा है और वहां पर एक और ही प्रकार का सम्पन्न वर्ग पैदा हो रहा है। कांग्रेस सरकार ने बुरी परम्परा डालकर जो एक नया वर्ग पैदा करने की कोशिश की है, जनता सरकार को उसे नष्ट करने के लिए कोई न कोई कार्यक्रम देना चाहिए। मुझे इसका समर्थन करने के बाद भी राष्ट्रपति के अभिभाषण में कोई ऐसा संकेत नहीं मिला है जिससे छोटे और बड़े वर्ग के लिए लाभ हो पाए। इसलिए मैं कहना चाहूगा कि इन सब चीजों की ओर सरकार को ध्यान देना चाहिए।

[श्री राम किशन]

हमारी अर्थ व्यवस्था का एक संकट यह भी है कि हमारे देश में औद्योगिक उत्पादन नहीं बढ़ रहा है । आपातकाल में यह 8.8 प्रतिशत उत्पादन हो गया तो कांग्रेस के माननीय सदस्य उसे बढ़ी लम्बी चीज बताते हैं, लेकिन प्रथम पंचवर्षीय योजना से पांचवीं पंचवर्षीय योजना तक की बात ले लें, किसी साल में भी हमारा औद्योगिक उत्पादन 5.6 प्रतिशत से ज्यादा नहीं गया है । असल में यह रुक गया है । हमें इस बारे में दो दिशाओं में प्रयत्न करना पड़ेगा । एक तरफ औद्योगिक उत्पादन भी बढ़ाना होगा और दूसरी तरफ बढ़े हुए उत्पादन का लाभ गांव के गरीबों, मजदूरों को मिले इसका भी प्रयत्न करना होगा ।

हमारे देश की अर्थ व्यवस्था का एक सब से बड़ा संकट यह भी है कि हमारे देश में बचत की मात्रा बहुत कम है, पूंजी-निवेश घटता जा रहा है । मैं आंकड़ों से साबित करना चाहता था, लेकिन एक ही बात कहना चाहता हूं कि आपातकाल में श्रीमती इन्दिरा गांधी को सरकार ने बड़े-बड़े पूंजीपतियों को हर प्रकार की सुविधायें दीं । उसके बाद पिछले वर्षों में भी उद्योग को इसलिए सुविधायें दी थीं जिसकी वजह से पूंजी-निवेश हो, लेकिन नतीजा यह हुआ कि जहां 1975–76 में 1300 करोड़ रुपए की नई पूंजी का नियोजन हुआ था, वह पिछले साल केवल 900 करोड़ रुपए की पूंजी का ही नियोजन हो पाया । इसका मतलब यह है कि निरन्तर सुविधाएं प्राप्त करने के बाद भी हिन्दुस्तान के धनवान और पूंजीपतियों को जितनी पूंजी लगानी चाहिए, वह नहीं लगा रहे हैं । इस तरह से दो तरह का दबाव पड़ रहा है । एक तरफ तो जितने भी मालिक हैं, कारखानेदार हैं वह नई सुविधाओं की मांग करते हैं, लेकिन उपभोक्ताओं और मजदूरों का ध्यान नहीं रखते हैं और न इस बात का ध्यान रखते हैं कि हिन्दुस्तान की औद्योगिक पैदावार को किस तरह से बढ़ायें । उनका ध्यान तो केवल मुनाफे की तरफ ही रहता है । नतीजा यह है कि उसकी गिरफ्त में वह लोग आ गये जो मुश्किल से कहीं से पैसा बचाते हैं उनसे ही एक तरह से पैसा जमा कराया गया और नये कारखानों में लगाया गया । लेकिन आपाल काल में जो श्रीमती इन्दिरा गांधी की सरकार ने रैफ्रीजरेटरों पर छूट दी, उसको वही देश के 5 प्रतिशत लोग खरीद सकते हैं जिनकी आमदनी 500 रुपये माहवार से ज्यादा है । ग्रामीण समाज में 1 प्रतिशत और शहरी समाज में 4 प्रतिशत ऐसे लोग हैं, जिनकी आमदनी 500 रुपए माहवार से ज्यादा है । अगर हम बचत की आशा कर सकते हैं, तो 500 रुपए माहवार से ज्यादा पाने वालों से कर सकते हैं । हमारे देश में बिलासिता की सामग्री का उत्पादन बढ़ रहा है, लेकिन कपड़े की खपत घट गई है । पहली पच-वर्षीय योजना में कपड़े की खपत 15 मीटर प्रति-व्यक्ति थी, जबकि पांचवीं पंच-वर्षीय योजना के खत्म होने पर वह 12.9 मीटर प्रति व्यक्ति रह गई है । इसी प्रकार चीनी और तेल की प्रति-व्यक्ति उपलब्धि घट गई है । रेफ्रिजरेटर, वातानुकलन और कारों आदि शौक और ऐश की चीजों का उत्पादन बराबर बढ़ता चला जा रहा है । बचत की राशि इस देश के गरीब और छोटे आदमियों के कल्याण के लिए लगानी चाहिए, लेकिन वह बचत ऐशो-आराम की चीजें खरीदने के लिए खर्च की जा रही है । उन चीजों का उत्पादन शहरों के छोटे से समाज के कल्याण के लिए किया जा रहा है ।

मैं समझता हूं कि यह हमारी अर्थ-व्यवस्था का दोष है । अगर जनता पार्टी इस दोष को दूर नहीं करेगी, तो मैं चेतावनी के रूप में कहना चाहता हूं कि कांग्रेस पार्टी तो तीस साल चली, लेकिन जनता पार्टी तीस महीने भी नहीं चल पायेगी । यह बात अच्छी तरह से समझ लेनी चाहिए ।

सरकारी उद्योगों के ख़िलाफ बड़ा प्रचार किया जाता है, लेकिन हम प्राईवेट उद्योगों की हालत को भी देखें । सरकारी उद्योग

ख़राब हैं, और कांग्रेस पार्टी ने जान-बूझ कर उन्हें ख़राब किया, ताकि वे बदनाम हो जावें और समाज उन की तरफ़ न बढ़े। लेकिन प्राईवेट उद्योगों की हालत क्या है ? उन की बचत की मात्रा और उत्पादन की देख कर बहुत निराशा होती है। मैं चाहूंगा कि जनता सरकार केवल इस बात पर ही संतुष्ट न हो जाये कि कांग्रेस वाले हट गये और हम लोग शासन में आ गये। उस ने लोकतंत्र की स्थापना की है, वह लोकतंत्र की मान्यताओं को दोबारा ला रही है, उस ने समाज को भय से मुक्त किया है, हम इस का अभिवादन करते हैं, लेकिन भूखा पेट लोकतंत्र की रक्षा नहीं कर पायेगा। आज हम देखते हैं कि एशिया और अफ़्रीका के सब मुल्कों में तानाशाही कायम हो गई है। इस का कारण यह है कि वहां लोकतंत्र पर ज्यादा ज़ोर दिया गया था, लेकिन रोटी के सवाल को भुला दिया गया था। हम ने लोक तंत्र-विरोधी लोगों को सत्ता से हटा दिया, लेकिन जब तक सरकार लोगों को रोटी देने का कार्यक्रम नहीं अपनायेगी, तब तक कुछ नहीं हो पायेगा।

अभी माननीय सदस्य, श्री साठे, ने कहा कि 20-सूत्री कार्यक्रम में बड़ी ख़राबियां थीं, लेकिन उस में कुछ अच्छी बातें भी थीं। मैं मानता हूं कि उस कार्यक्रम में भूमि-सुधार का काम अच्छा था, ग़रीबों को मकान देने का काम अच्छा था, कर्ज़-मुक्ति का काम अच्छा था। लेकिन मैं श्री साठे से कहना चाहता हूं कि इमर्जेन्सी के समय कोई भी उन के काम में बाधा डालने वाला नहीं था, उन्होंने संविधान में संशोधन कर के भूमि सीलिंग कानून को कोर्ट के परव्यू से निकाल लिया था, लेकिन आपातकाल में उस का क्या नतीजा निकला। यह लक्ष्य रखा गया था कि एक साल में चालीस लाख एकड़ भूमि बड़े बड़े ज़मींदारों से ले कर भूमिहीनों में बांटी जायेगी। लेकिन सारे देश में केवल 4 लाख एकड़ ज़मीन भूमिहीनों में बांटी जा सकी, जिस में से 2,32,000 एकड़ ज़मीन राजस्थान में थी। वह कोई उपजाऊ भूमि नहीं थी, बल्कि जैसलमेर, बाड़मेर और जोधपुर की वह भूमि थी, जहां पीने का पानी भी उपलब्ध नहीं है। उस का प्रचार किया गया कि भूमिहीनों में ज़मीन बांटी गई है।

इस लिए गांवों में सीलिंग कानून से बचने के लिए जिन लोगों ने ग़लत इन्दराज करा दिए थे, उन्हें रद्द कर के हमें भूमिहीनों को ज़मीन देनी होगी। अगर हम ऐसा नहीं कर पाते हैं, तो जनता पार्टी जिस क्रान्ति की कल्पना करती है, वह क्रान्ति अधूरी रह जायेगी। हमें हर मोर्चे पर लड़ना है।

जो लोग इस सरकार की आलोचना कर रहे हैं, वे ज़रा कांग्रेस राज्य की तस्वीर देखें। मैं रोटी और कपड़े की बात छोड़ देता हूं। आज भी हिन्दुस्तान में ऐसे गांव हैं, जहां पीने का पानी भी उपलब्ध नहीं है। राजस्थान में कुछ गांवों में 32 मील दूर से पानी लाना पड़ता है। उस दिन कांग्रेस के माननीय सदस्य, श्री नाथूराम मिर्धा, ने भाषण दिया। वह मंत्री रहे हैं, और राज्य के मालिक रहे हैं। उन के अपने जिले में मैं ने देखा कि ऊंट-गाड़ी गांव से 32 मील दूर गड्ढे से पानी लेने के लिए जाती है।

मैं चाहता हूं कि वर्तमान सरकार और कोई काम करे या न करे, लेकिन कम से कम वह एक घोषणा कर दे कि तीन या चार साल के अन्दर हिन्दुस्तान में ऐसा कोई भी इलाका नहीं रहेगा, जहां पीने के पानी की व्यवस्था न हो। एक तरफ़ पीने के पानी की व्यवस्था नहीं है और दूसरी तरफ़ आदिवासी, भील, वगैरह गन्दा पानी पीने को बाध्य हैं। इस लिए यह आवश्यक है कि

[राम किशन]

इस सरकार द्वारा पुरानी सरकार के सारे कार्य-कलापों को नई दिशा दी जाये ।

समय की कमी की वजह से मैं बहुत सी बातें कहना नहीं चाहता । एक बहुत बड़ा सवाल और है जिस का जिक्र मैं करना चाहता हूं । अभिभाषण में विदेश नीति के सम्बन्ध में कुछ जिक्र किया हैं । हमारे सम्बन्ध अच्छे हैं पड़ोसी देशों से, बहुत अच्छी बात है, हमारे सम्बन्ध अच्छे रहने चाहिएं । अटलांटिक और सोवियत दोनों खेपों से भी हमारे सम्बन्ध सुधर रहे हैं, यह भी अच्छी बात हैं । लेकिन मुझे एक बड़ा अफसोस हैं, अभी शाह-ईरान हमारे देश की यात्रा पर आए । शाह ईरान से हम मित्रता का सम्बन्ध रखें, राजस्थान नहर को भी पैसा मिल रहा है, इसलिए हम उन का सम्मान करते हैं लेकिन यहां ईरानी छात्र प्रदर्शन करना चाहते थे । आप जानते हैं कि मुसद्दिक के हटने के बाद ईरान में एक प्रकार की तानाशाही कायम हो गई और तानाशाही कायम होने की वजह से वहां लाखों देशभक्त लोग जो लोकतंत्र की बात करते हैं जेलों में पड़े हुए हैं । अब ईरानी छात्रों ने प्रदर्शन करना चाहा तो हमारी सरकार ने उस पर पाबन्दी लगा दी । मैं पूछना चाहता हूं कि यह तटस्थता की नीति है ? अगर गत साल डेढ़ साल पहले सुब्रह्मण्यम् स्वामी और लैला फरनानडिस विदेशों में प्रचार करते और अमेरिका और इग्लैंड की सरकारें उन पर पाबन्दी लगा देतीं तो हम उन के बारे में क्या राय बनाते ? यह सीधा सवाल है । तो मैं यह चाहूंगा कि अमेरिका को या किसी और मुल्क को खुश करने की दृष्टि से हमारी अपनी जो मूलभूत नीतियां हैं, उन से कहीं हम अलग न हो जायें । नैपाल से हमारे सम्बन्ध अच्छे है, नैपाल में कोयराला .... (*व्यवधान*) ..

उपाध्यक्ष महोदय : अब आप को खत्म करना चाहिए ।

श्री राम किशन : मैं खत्म कर रहा हूं । मैं दिखाना चाहता हूं कि हमारे देश की मूलभूत नीति यह है । सरकारी स्तर पर सब सरकारों से हमारी दोस्ती रहे लेकिन जनता के स्तर पर जब तक लोकतंत्र और लोकतांत्रिक शक्तियों को मजबूत नहीं किया जायगा आसपास के मुल्कों में तब तक हमारे सम्बन्ध कभी भी तनावपूर्ण हो सकते हैं । इस बात पर ध्यान रखना होगा ।

केन्द्र और राज्यों के सवाल पर एक विवाद आज खड़ा किया जा रहा है । केन्द्र कमजोर हों, राज्य मजबूत हों यह विवाद नहीं है । विवाद असल में यह है कि आज राज्यों की आर्थिक हालत क्या हैं, यह आप देखिए। सन् 1950–51 में राज्यों पर केन्द्रीय सरकार का 121 करोड़ रुपया कर्ज था । आज वह बढ़ते बढ़ते 2100 करोड़ का हो गया और अब की साल के बजट में देख लें, मैं वित्त मंत्री जी पर ही इसे छोड़ता हूं, वह स्वयं देख लें, अब की साल राज्य सरकारों के लिए जो कर्जे की रकम तय की है उस में ब्याज काट कर, सर्विसिंग चार्जेज काट कर और मेजर लोन की वापसी के बाद 30–35 करोड़ रुपया रह जायगा राज्यों को देने के लिए । तो हम राज्यों को स्वायतत्ता दें या न दें लेकिन उन को आर्थिक दृष्टि से मजबूत करने के लिए हमें नये ढंग से चिंतन करना पड़ेगा । मैं उस तरह का सुझाव नहीं दे रहा हूं कि हम राज्यों को स्वायतत्ता दे कर दूसरे तरह का खतरा लें लेकिन आर्थिक दृष्टि से राज्य मजबूत होंगे तो केन्द्र भी मजबूत हो जायेगा ।

इन शब्दों के साथ मुझे आखीरी बात एक कहनी है ....

उपाध्यक्ष महोदय : साढ़े तीन बजे नान-आफिशियल बिजनेस शुरू होना था, फिर भी मैंने आप को चार पांच मिनट ज्यादा दे दिया । अब आप खत्म करें ।

श्री राम किशन : मैं आप से इसलिए प्रोटेक्शन चाहता हूं कि आप इस मामले में हमारे भागीदार रहे हैं । मुझे बड़ी हंसी आती है जब इस सदन के सदस्य हम पर यह आरोप लगाते हैं कि हम हिन्दी थोपना चाहते हैं । मैं साफ किये देता हूं, हिन्दी भाषी लोगों की इच्छा दक्षिण पर हिन्दी थोपने की नहीं है । हमारी इच्छा तो केवल अंग्रेजी हटाने की है । जब आप तामिल में बोलते हैं, मराठी या कन्नड़ में बोलते हैं तो हमें आनन्द आता है लेकिन जब आप अंग्रेजी में बोलते हैं तो हमें ऐसा लगता हैं कि कोई सामन्त बोल रहा है । इसलिए हम चाहते हैं कि हमारे देश की सभी भाषाएं पनपें, फलें, फूलें, बगाली फले, मराठी फले, इसके लिए हमें थोड़ा खर्च भी करना पड़े अनुवाद के लिए तो उस में हमें कोई कठिनाई नहीं होगी लेकिन भाषा का सवाल उठा कर दक्षिण में आप वोट तो प्राप्त कर सकते हैं किन्तु देश की संस्कृति, देश की भाषा सभ्यता को आप मजबूत नहीं कर रहे हैं । इसलिए इस सवाल को खत्म किया जायें । अंग्रेजी खत्म हो जानी चाहिएं । लोकभाषाएं पनपनी चाहिएं, हिन्दी भाषी लोगों की यही आकांक्षा है । इन शब्दों के साथ मैं आप से आशा करता हूं कि मेरे कुछ उन सुझावों पर आप विचार करेंगे जो देश के गरीबों के पक्ष में मैंने दिए हैं ।

MR. DEPUTY-SPEAKER: Before we take up Private Mates Business I want to tell you that the Prime Minister will reply to the debate on Monday.

SHRI KANWAR LAL GUTPA: May I make a request to you....

MR. DEPUTY-SPEAKER: Let Shri Chandradeo Prasad Verma lay his report first.

SHRI KANWAR LAL GUPTA: This is Private Member's Business.

MR. DEPUTY-SPEAKER: Please take your seat. You will listen to him.

This is Private Member's Business. Shri Verma.

15.33 hrs.

COMMITTEE ON PRIVATE MEMBERS' BILLS AND RESOLUTIONS

TWELFTH REPORT

श्री चन्द्रदेव प्रसाद वर्मा (आरा) : उपाध्यक्ष महोदय, मैं प्रस्ताव करता हू :

"कि यह सभा गैर-सरकारी सदस्यों के विधेयकों तथा संकल्पों सम्बन्धी समिति के बारहवें प्रतिवेदन से, जो 1 मार्च, 1978 को सभा में प्रस्तुत किया गया था, सहमत है ।"

MR. DEPUTY-SPEAKER: The question is:

"That this House do agree with the Twelfth Report of the Committee on Private Members' Bills and Resolutions presented to the House on the 1st March, 1978."

The motion was adopted.

15.34 hrs.

RESOLUTION *RE*: STEPS TO IMPROVE THE ECONOMY AND TO REDUCE INEQUALITIES OF INCOME, ETC.—*Contd.*

MR. DEPUTY-SPEAKER: Now we begin. The Finance Minister will intervene.

SHRI KANWAR LAL GUPTA (Delhi Sadar): I want to make a submission. On the last day only one hour was utilised. Another hour is left as far as this Resolution is concerned. Perhaps Mr. Patel was replying. May I make a submission that other Members may be allowed to speak? And then he can reply.

MR. DEPUTY-SPEAKER: He has already begun to reply.

SHRI KANWAR LAL GUPTA: After him Members should be allowed to speak.

SHRI SOMNATH CHATTERJEE (Jadavpur): Sir, my resolution has come No 3. Although in the ballot I came first yet because of the two unfinished resolutions....

MR. DEPUTY-SPEAKER: First, let us dispose of Shri Kanwar Lal Gupta's business. The question of your submission will arise only after Shri Kanwar Lal Gupta's resolution is disposed of. You cannot get up in advance and raise it. I now call Mr. Patel.

THE MINISTER OF FINANCE (SHRI H. M. PATEL): Sir, some time ago this Resolution was discussed and the hon'ble Members may not perhaps remember as to what Shri Kanwar Lal Gupta's resolution was. The Resolution was:

> "This House urges upon the Government to take effective steps to improve the economy of the country and to reduce the inequalities of income, wealth and personal consumption."

15.37 hrs.

[DR. SUSHILA NAYAR *in the Chair*]

This was the Resolution on which Shri Kanwar Lal Gupta spoke on that day and several other speakers also expressed themselves. The main thrust of the points made by the hon'ble Members on that day in the course of discussion was that very little has been done to improve the conditions of the poorest sections of the people and bring down the disparities in the last thirty years and that the rural sector has been discriminated against. Various suggestions were put forward to redress this inequity. Some of the notable points and suggestions made in the course of the discussions are:—

1. Action should be taken to improve the lot of the poorest classes of the people *viz.* those whose income does not exceed 25 paise per day. These people constitute 20 crores out of 62 crores of the population of the country.

2. Supply of essential commodities should be arranged for the people blow the poverty line who, unlike the organised sections of the community, are hardly in a position to make any noise about their suffering.

3. Arrangement should be made to build roads and supply drinking water to remote areas.

